Rajasthan Patrika (Suppl.: Parivar)

EDII

February 16, 2022
Pg.1

महिलाओं की रुचि के उत्पाद भी बेच सकती हैं पार्लर में

'पत्रिका' की पहल
बिजनेस को बड़ा कैसे करें
पत्रिका बिजनेस बूस्टर

राजस्थान पत्रिका
Entrepreneurship Development Institute of India

पत्रिका समूह और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआइआइ), अहमदाबाद की संयुक्त पहल, महिलाओं को मिल रही बिजनेस को बढ़ाने से जुड़ी ट्रेनिंग।

बिजनेस बूस्टर में ब्यूटी और वेलनेस से जुड़ी महिला उद्यमियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। छह सप्ताह तक दी जाने वाली इस ट्रेनिंग के बारे में महिलाओं का कहना है कि वे एक छोटी-सी दुकान या फिर अपने घर के एक कमरे में ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। आज से पहले उन्हें इस तरह की ट्रेनिंग नहीं मिली है। पत्रिका व ईडीआइआइ की इस ट्रेनिंग से उन्हें अपने बिजनेस को बड़े स्तर तक ले जाने में मदद मिल सकेगी।

ऐसे बढ़ाएं आप भी अपना बिजनेस

ईडीआइआइ की ट्रेनर डॉ. बैशाली मित्रा का कहना है कि ऐसी महिला उद्यमी सोशल मीडिया पर अपनी कहानी बताएं कि वे क्या काम करती हैं, उनकी खासियत क्या है। वे पार्लर में महिलाओं की रुचि के उत्पाद भी बेचना शुरू कर सकती हैं। उन्हें कस्टमर ढूंढने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे आय भी बढ़ेगी। इसी तरह वॉट्सऐप पर अपने कस्टमर्स का ग्रुप बनाएं। अपने काम या उत्पादों के बारे में उन्हें अपडेट करते रहें। हर काम आप खुद नहीं कर सकते हैं, इसलिए बिजनेस बढ़ाने के कर्मचारी रखें। इससे आपको आसानी होगी। ट्रेनिंग देने का काम शुरू करेंगी तो भी आय बढ़ेगी और आपका छोटा-मोटा काम भी ट्रेनी से हो जाएगा। आस-पास पार्लर वाले कैसे काम कर रहे हैं, उन पर भी नजर रखें।